फर्जीवाड़ा | बहोरीबंद क्षेत्र में फैला फर्जी सिमों का नेटवर्क, धोखाधड़ी कर अब्राहिम, सलमान और मुस्तकीन को बेची गई सिम

फर्जी सिमों से हुआ लाखों का सायबर फ्रॉड

नवभारत, बहोरीबंद, कटनी। जिले के बहोरीबंद थाना क्षेत्र में फर्जी सिम एक्टीवेट करने के मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। फर्जी सिम को एक्टीवेट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि झरौली गांव निवासी मूरत सिंह ने 4 सितंबर 2009 को शिकायत की थी कि आधारकार्ड, फोटो और अगूठे का प्रिन्ट लेकर धोखाधड़ी कर फर्जी सिम एक्टीवेट की गई है। जिस पर पुलिस ने पाकर निवासी जितेन्द्र बर्मन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

इसी दौरान मूरत सिंह ग्राम झरौली के खाता खुलवाने आने पर और आनंद कुमार चौधरी के मोबाईल नंबर को एयरटेल से जियो में पोर्ट कराने आने पर उनका आधार कार्ड नम्बर व फोटो लेकर दस्तावेजों में धोखाधड़ी कर एयरटेल कंपनी की अलग-अलग नंबरों की सिमों को अमाडी गांव के अब्राहिम खान, सलमान खान, मुस्तकीम खान और मसंधा के संदीप लोधी से पांच-पांच सौ रूपए लेकर बेचा गया था। पुलिस का कहना है कि इन फर्जी सिम नंबरों लाखों रूपए का सायबर क्राईम फ्राड किया गया है।

आरोपी जितेन्द्र बर्मन का साथी पटीराजा निवासी सिम विक्रयकर्ता आदर्श चौधरी भी आरोपी के साथ मिलकर लोगो के आधार और फोटो से फर्जी सिमे एक्टीवेट कर अब्राहिम, सलमान, मुस्तकीम, और संदीप लोधी को बेची है। प्रकरण में अब्राहिम, सलमान, मुस्तकिन, संदीप लोधी, आदर्श चौधरी की संलिप्तता पाए जाने पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

इस बीच पुलिस ने मुस्तकीन खान और आदर्श चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी आदर्श चौधरी के व्दारा फर्जी सिम एक्टीवेट करने मे उपयोग किया गया एन्ड्राईड मोबाईल, तीन सिम को जब्त किया गया है। आरोपी मुस्तकिन खान के पास से पुलिस ने फर्जी सिम, कर्नाटका बैंक के तीन डेविट कार्ड, डीसीबी बैंक, एसबीआई बैंक और एक डीसीबी बैंक की चैक बुक जब्त की गई है। चैक बुक विजय अनिल भुमिया के नाम की है। इस मामले में कुछ आरोपी अभी फरार हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई में बहोरीबंद थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, एसआई धनजंय पांडेय, एएसआई अनुराग पाठक आरक्षक अतुल श्रीवास्तव, दीपक सिंह, कोमल सिंह, बृजेश सिह, अतुल जैन की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के के मागदर्शन में की गई है।

भाजपा लगाएगी रक्तदान शिविर, चलेगा सेवा पखवाड़ा

भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बनाई गई कार्ययोजना

नवभारत कटनी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, दिव्यांगों को उपकरण वितरण और पौधारोपण जैसे विविध सेवा कार्य के कार्यक्रम होंगे। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कार्यकर्ता, पदाधिकारियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़े को सफल बनाने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हर साल की तरह इस साल भी सेवा पखवाड़े को सफल बनाए। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को रक्तदान शिविर व स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को खेल के क्षेत्र में अवसर देने फिट युवा फॉर विकसित भारत के लक्ष्य को चरितार्थ करने खजुराहो, शहडोल लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन भी जिले के सभी विधानसभाओं में पंचायत, तहसील स्तर से प्रारंभ जिला स्तर तक होते हुए लोकसभा स्तर पर पन्ना में सम्पन्न होगे। कार्यशाला के प्रारंभ में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। कार्यशाला का संचालन करते हुए जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बने, यही भाजपा की सामूहिक संकल्पना है। कार्यशाला में रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी सहित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

एक नजर में

अनुपस्थित रहने पर समयपाल को नोटिस

नवभारत, कटनी। नगर निगम में समयपाल के पद पर पदस्थ नरेन्द्र कुमार कनौजिया अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा गया है। कैलवारा खुर्द के छेघरा निवासी नरेन्द्र कुमार कनौजिया अगस्त 2021 से लगातार अपने कर्तव्य पर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे नोटिस जारी करते हुए सात दिन के अंदर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय पर नोटिस का जवाब नहीं देने पर एक पक्षीय सेवा समाप्ति की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

किसानों की समस्या को लेकर 11 को निकाली जाएगी रैली

नवभारत, बाकल। जिले के बाकल क्षेत्र के किसानों की लंबे समय से लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ की महाकौशल प्रांत की बहोरीबंद ईकाई के नेतृत्व में 11 सितंबर को ज्ञापन रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम के तहत दोपहर एक बजे मरही माता परिसर में किसानों की सभा आयोजित होगी। इसके बाद ढाई बजे से किसान बस स्टैंड होकर नारे लगाते हुए तहसील कार्यालय पहुंचेंगे। जहां साढ़े तीन बजे बहोरीबंद अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। तहसील अध्यक्ष कंछेदी सिंह लोधी ने बताया कि क्षेत्र में खाद और बीज की किल्लत, सिंचाई की अपर्याप्त व्यवस्था, ट्रांसफार्मर जलने पर समय पर बदलने में लापरवाही, फसल बीमा की जटिल प्रक्रिया, समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीदी में अनियमितता, समय पर बिजली आपूर्ति नहीं होना जैसी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन रैली निकाली जाएगी।

72 फीसदी केवाईसी का कार्य पूरा

नवभारत, कटनी। शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इसके लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में निगमायुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में अभियान चलाकर पोर्टल में समग्र आईडी से आधार नंबर की ई- केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अब तक 72 फीसदी कार्य पूरा किया गया है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया गया शिक्षकों का सम्मान

नवभारत, कैमोर। जिले के शिक्षक संकुल केंद्र विजयराघवगण और नगर परिषद कैमोर में प्राथमिक शाला पदस्थ शिक्षक रघुनाथ प्रसाद पटेल और सीमा कौर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में विकासखंड स्तर पर हुई प्रतियोगिता में दोनों शिक्षकों ने प्रथम स्थान अर्जित किया है। जिला स्तर पर दोनों शिक्षकों ने प्रथम स्थान हासिल करने के बाद राज्य स्तर पर संगोष्ठी में शामिल हुए विकासखंड की ओर से उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्रीमती सरस्वती मिश्रा और विकासखंड शिक्षा अधिकारी का मार्गदर्शन रहा। जिला स्तर पर उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सुंदर मरावी के मार्गदर्शन में दोनों शिक्षकों ने भोपाल की संगोष्ठी में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिन्हें प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र देकर भोपाल में सम्मानित किया गया। शिक्षकों को जिला स्तर पर 5 सितंबर को सम्मानित किया गया। 6 सितंबर को विजय राघवगढ़ में सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षक नगर परिषद कैमोर में पदस्थ हैं। प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा और जन शिक्षा केंद्र प्रभारी ने पूरे जन शिक्षा केंद्र की ओर से सराहना की है। उनके अनुभव का लाभ मिल सके, ऐसी उम्मीद जताई है।

समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए किए जाएंगे प्रयास

बैठक में समाज सुधार के मुद्दों पर हुई चर्चा

नवभारत, बाकल। समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वासों, दहेज प्रथा, मृत्यु भोज, खर्चीली शादियों और नशा जैसी सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने, सामाजिक न्याय के मुद्दों पर ठोस समाधान निकालने के उद्देश्य से 7 सितंबर को मुहाई में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में क्षेत्र की विभिन्न जातियों और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में समाज सुधार के लिए प्राथमिक मुद्दों के

चयन पर विचार-विमर्श किया गया।

साथ ही बैठक में आगामी सम्मेलन की तिथि, स्थान, कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने पर सहमति जताई। बैठक में पहुंचे बुद्धिजीवियों ने सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए अपने-अपने विचार रखे और जनजागरूकता को समय की आवश्यकता बताया। बैठक में इस सामाजिक पहल के कार्यक्रम संयोजक किसान नेता विजय पटेल, अधिवक्ता रामेश्वर ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देव सिंह पटेल, ओम प्रकाश लोधी, राकेश सिंह लोधी, लाल कमल बंसल, अशोक गोटिया, शरमन लाल चौधरी, एनएस पटैल, ब्रजलाल पटेल, डॉ. राम दास सेन, पूर्व पार्षद बिहारी पटेल, रामसिंह पटैल, पूर्व पार्षद सुधीर सिंह, राधे लाल यादव, उत्तम सिंह लोधी, बद्री प्रसाद, ताम सिंह, भानु प्रताप, शिव प्रसाद, गौरव शाह, चंद्रभान बौद्ध, गोविंद पटैल, संतोष पटेल, कुश कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शांति धारा में की गई विश्व कल्याण की कामना, किया गया अभिषेक

दशलक्षण पर्व का हुआ समापन

नवभारत, उमरियापान। श्री पारस नाथ दिगंबर जैन मंदिर सिलौंडी और कछार गांव के दिगंबर जैन मंदिर में दश लक्षण पर्व के समापन पर अनंत चतुर्दशी को दोपहर में भगवान श्री पारस नाथ जी का 108 कलश से अभिषेक किया गया और विश्व कल्याण की कामना के लिए शांति धारा हुई। इसके बाद गंधोदक की जल विहार यात्रा निकाली गई। इस दौरान समाज की सिंघई अंगूरी बाई, सरपंच कैलाश चंद्र जैन, सुशील जैन, कमलेश जैन, विनोद जैन, सुधीर जैन, बबलू जैन, नीरज जैन, दीपेंद्र जैन, देवेंद्र जैन, शुभम जैन,अर्पित जैन, अभय जैन, पीयूष जैन आदि मौजूद रहे।

वार्षिक अभिषेक और शांतिधारा

वहीं सिलौंडी श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में साल में एक बार होने वाली 108 कलश से भगवान का अभिषेक हुआ। साथ ही विश्व कल्याण के लिए शांतिधारा भी हुई।

जिसमें शामिल होने के लिए काफी संख्या में सिलौंडी के प्रवासी जैन सहित जबलपुर और अन्य जिलों से श्रद्धालू परिवार सहित पहुंचे। सुबह 10 बजे श्री तारण तरण जैन चैत्यालय में मंदिर विधी आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

युवाओं को दिया आर्मी और पुलिस भर्ती का प्रशिक्षण

विवेकानंद युवा संगठन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया आयोजन

नवभारत, बहोरीबंद। गामीण क्षेत्र के विकास के लिए आजाद विवेकानंद युवा संगठन एक मिशन के तहत कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के विकास के लिए आर्मी, पुलिस भर्ती कैंप, खेल मेलों का आयोजन और कैरियर मार्गदर्शन जैसे कार्यक्रमों को एक श्रृंखला बद्ध तरीके से पहले रैपुरा, खुड़वल, बाकल और बहोरीबंद में कार्यक्रम आयोजित किया। इस मेले में आर्मी भर्ती फिजिकल, मेडिकल टेस्ट का प्रतियोगात्मक आयोजन किया गया। जिसमें 1600 मीटर दौड़, बीम, 9 फीट डिच जम्प, 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता, 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता, गोला

फेंक प्रतियोगिता, तवा फेंक प्रतियोगिता, भाला फेंक प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही केरियर के लिए कॉउंसलिंग भी की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक मंडल में अनिल पटेल, सूर्यकांत पटेल, आनंद पटेल, राहुल यादव, रामप्रकाश पटेल, मनीष, कुलदीप पटेल, गजराज पटेल, गोविंद यादव, अमिल खान, राजेश रजक, राकेश पटेल, बृजेश गुप्ता, लक्ष्मी पटेल, गोविंद पटेल और इंदल पटेल उपस्थित रहे।

हीरापुर में मिले तेंदुए के पदचिन्ह, सावधान रहें ग्रामीण

गांव में बाघ की दहाड़ से दहशत में ग्रामीण, पहुंची वन विभाग की टीम

नवभारत, कटनी। बरही के पास हीरापुर में बाघ की दहाड़ से दहशत में आए गांव वालों की सहयोग के लिए सोमवार दोपहर वन अमला गांव पहुंचा। बाघ की खोजबीन की गई, लेकिन वन विभाग की टीम को तेंदुए के पदचिन्ह मिले।

वन विभाग की टीम ने सतर्कता बरतते हुए पूरे क्षेत्र में पतासाजी की, लेकिन बाघ के पदचिन्ह नहीं मिले। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से सावधान रहने के लिए कहा है। इससे पहले ग्रामीणों ने खेतों में बाघ के आने की सूचना वन विभाग को दी थी।

जिसके बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची थी। वन विभाग की टीम ने रहमत अली के धान लगे खेत में छानबीन की। रेंजर जीएन शुक्ला ने बताया कि बाघ की सूचना मिली थी। मौके पर तेंदुए के पदचिन्ह मिले हैं। बाघ के पदचिन्ह नहीं मिले हैं।

फर्जी शिकायत कर बनाया जा रहा दबाव, मांगे जा रहे रुपए

ढीमरखेड़ा के गूड़ा पंचायत के सरपंच ने लगाए आरोप

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले की ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र के की ग्राम पंचायत गूड़ा के सरपंच संकेत लोनी ने फर्जी शिकायत कर दबाव बनाने और रूपए मांगने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा शिकायत कर दबाव बनाया जा रहा है, इन्हीं फर्जी शिकायतों को सोशल मीडिया प्रसारित कर रूपयों की मांग की जा रही है।

आरोप में कुछ सोशल मीडिया में कार्य करते हुए कुछ लोगों पर नामजद आरोप लगाया

है। आरोप यह भी है कि फर्जी विज्ञापन के बिल देकर रूपयों की मांग भी की जा रही है। राशि नहीं देने पर फर्जी शिकायत कराकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। सोशल मीडिया में शिकायत प्रसारित नहीं करने के बदले में अवैध वसूली करने का प्रयास किया जा रहा है।

सरपंच ने आरोप लगाया कि सरपंच के चुनाव में हारे हुए प्रत्याशीयों से भी झूठी शिकायत लगातार करवाई जा रही है। लगातार रूपयों की मांग भी की जा रही है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच के कार्यकाल से सभी ग्रामवासी संतुष्ट हैं किसी भी प्रकार की राशि सरपंच द्वारा नहीं मांगी जा रही है, बल्कि जरूरत के अनुसार सरपंच लगातार ग्रामीणों का सहयोग करते हैं।

बैठक | कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में की समाधान ऑनलाइन के लिए चयनित हुई शिकायतों की समीक्षा

कार्य में लापरवाही बतरने पर सीएमएचओ सहित जिले के सभी बीएमओ को नोटिस

नवभारत,कटनी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित की गई समय सीमा की बैठक में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने समाधान ऑनलाइन समीक्षा के लिए चयनित की गई शिकायतों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान ऑनलाईन समीक्षा के लिए चयनित विषयों की जानकारी रखें। साथ ही संबंधित शिकायतों को एक माह में पूरी गंभीरता से निराकरण करें। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र भी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान, कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जननी सुरक्षा योजना और प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत भुगतान से संबंधित लंबित शिकायतों के निराकरण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इस लापरवाही के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज सिंह और सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने समाधान शिकायतों के बारे में तथ्यात्मक जानकारी नहीं दे पाने पर जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति भी नाराजगी जाहिर की।

बैठक में कलेक्टर ने पहली बार होने वाले कोदो और कुटकी के उपार्जन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को पंजीयन की तैयारियां पूरी करने और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पंजीयन के दौरान गड़बड़ियां नहीं हो।

इसके अलावा, बैठक में खाद की उपलब्धता और वितरण पर भी चर्चा की गई। कृषि विभाग के उपसंचालक डॉ. पटेल ने बताया कि वर्तमान में जिले में 2 हजार 497 मीट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता है। बैठक में कलेक्टर ने केपीआई स्कोर, सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की और शिकायतों के प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीपीग्राम पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को भी गंभीरता से देखने के लिए कहा गया है। बैठक में सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, जनपद पंचायत के सीईओ, महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देविका सोनवानी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला मत्स्य अधिकारी, उपसंचालक कृषि डॉ. आरएन पटेल सहित अन्य जिलाधिकारी मौजूद रहे।